हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

10 सीईओ ने ली प्रधानमंत्री आवास योजना एवं निर्माण कार्यों की ...



09 सीएम ने दीदियों को प्रेरित किया, स्व-सहायता ...



# नवजात शिशु की मौत, एक सप्ताह बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित जलमोगरा तालाब के पास 24 अगस्त को एक बोरी में जिंदा नवजात शिशु मिलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई थी। बच्ची ने अगले दिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद से लोगों में भारी आक्रोश है। घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे विभिन्न संगठन और स्थानीय लोग लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे हैं। इस जघन्य घटना के बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी, महिला स्व-सहायता समूह और मां दंतेश्वरी मानस परिवार जैसे कई संगठनों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर थाना प्रभारी द्वारिका देशलहरे और उनकी टीम लगातार जाँच में जुटी हुई है। जांच में डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक एक्सपर्ट, साइबर सेल और क्राइम ब्रांच जैसी टीमें भी लगी हैं। उप पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की और सहायक पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह जैसे वरिष्ठ अधिकारियों ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है।

**श्रद्धांजलि और आक्रोश:** बच्ची की मौत के बाद नगर में शोक और आक्रोश का माहौल है। जय स्तंभ चौक पर कैंडल जलाकर बच्ची को श्रद्धांजलि दी गई। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के जिलाध्यक्ष निलेश साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पटेल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द न्याय की मांग की है।

### आरोपी को पकड़ने के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित



### पुलिस की चुनौती बढ़ी

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, लेकिन कोई अहम जानकारी हाथ नहीं लगी है। पुलिस आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं का रिकॉर्ड भी खंगाल रही है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए अपनी ओर से 10 हजार रुपये और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना की ओर से 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है, जिससे कुल इनाम राशि 25 हजार रुपये हो गई है। पुलिस अब यह भी आशंका जता रही है कि आरोपी स्थानीय न होकर बाहरी भी हो सकता है। इस मामले में पुलिस के हाथ खाली होने से आम जनता में निराशा बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग की, कार्रवाई

**राजनांदगांव**। मोहल्ले में लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एक अनावेदक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस द्वारा अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति व साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने हेतु अपनी टीम के साथ लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। पुलिस के मुताबिक अनावेदक पवन यादव 26 साल साकिन ब्राम्हणपारा द्वारा 31 अगस्त लगभग 11.45 बजे अपने मोहल्ला ब्राम्हणपारा डोंगरगढ़ के पास शांति भंग कर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा-170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया है। पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों, संदेहियों पर नजर रख रही है। यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ढ़ाबा में बिठाकर पिला रहे थे शराब तीन संचालक के खिलाफ कार्रवाई



**राजनांदगांव**। ढाबा में लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग तीन स्थानों पर दबिश देकर ढाबा संचालकों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 30 अगस्त को मुखबीर से मोबाइल से सूचना मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत ढाबा संचालकों द्वारा आम लोगों को शराब पीने व पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराकर बिठाकर शराब पिला रहे हैं। जिसके खिलाफ लालबाग पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। संपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक ईशा ओग्रे, सहायक उपनिरीक्षक शोभाराम बेरवंशी, ईश्वर यादव, प्रधान आरक्षक प्रभात तिवारी, आरक्षक राजकुमार बंजारा, कमलकिशोर यादव की भूमिका सराहनीय रहा है।

### शराब बेचने पर 31000 दंड, बताने वाले को 11000 ईनाम

**राजनांदगांव**। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बसा सोमनी थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम तोरणकट्टा में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व समाज के सदस्यों द्वारा गांव में शराबबंदी, जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध एवं छोटे बच्चों को दुकान से गुटका व पाउच देने पर प्रतिबंध किया गया एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने, गांजा पीने एवं पिलाने वालों या बेचने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया। जुएं-सट्टे के साथ आज-कल के बच्चों द्वारा मोबाइल में बच्चों का जो लत लगा है, उसके संबंध में भी दंड का प्रावधान किया गया है। गांव में कड़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए। जिसमें शराब पीने वाले को 5000 दंड, शराब पीने वाले की जानकारी बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। शराब व गांजा बेचने वाले को 31000, बताने वाले को 5100 ईनाम दिया जाएगा और आरोपी अपना दंड स्वीकार नहीं करता है तो डबल चार्ज दंड लिया जाएगा। शराब, गांजा पीकर गाली-गलौज करना, अभद्र व्यवहार व घर में भी गाली-गलौज करने वाले से 5100 दंड लिया जाएगा।

## विडंबना : खेत प्यासे, नहर सूखा, नदी में बह रहा डेम का पानी

# सूखे से किसान परेशान, दुल्लीपार डेम और नहर की बदहाली पर बढ़ा आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नवागढ़ क्षेत्र के किसान इस साल सूखे से परेशान हैं। ऐसे में, दुल्लीपार डेम और नहर की बदहाली ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। यह नहर करीब 6,500 हेक्टेयर खेतों की सिंचाई करती है और दो दर्जन से ज़्यादा गांवों, जैसे छिरहा, प्रतापपुर, गनिया, नेवशा, बाघुल, गोपालभैना और समेशर, के लिए जीवनरेखा है। इस बार सूखे ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। नहर के मुख्य गेट में लकड़ी फंसी हुई है, जबकि नदी की ओर का गेट



खुला है। दोनों गेट खुले होने के बावजूद पानी बहुत धीरे-धीरे नहर में जा रहा है। किसान व्यंग्य करते हुए कहते हैं कि /"हमारे खेत प्यासे हैं, और पानी नदी में ऐसे बह रहा है जैसे कोई सरकारी फ्री स्कीम चल रही हो। जो थोड़ा-बहुत पानी नहर में आ भी रहा है, उसे बिचौलिए रोककर जरूरतमंद किसानों को ऊँचे दाम पर बेच रहे हैं। इससे निचले इलाकों के किसान सबसे ज़्यादा प्रभावित हो रहे हैं। विभाग इन बिचौलियों के जुगाड़ को बार-बार हटाता है, लेकिन वे फिर से सक्रिय हो जाते हैं।

### तुरंत समाधान की मांग

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने डेम और नहर का दौरा किया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से तुरंत समाधान की मांग की। उन्होंने कहा किसानों की मेहनत और सपनों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है। विभाग के जल्द के वादों से किसान भूखा नहीं सो सकता। उनकी सक्रियता का असर तुरंत दिखा। विभाग ने गेट की मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एक तकनीकी टीम को मौके पर भेजा।

### किसानों को मिली उम्मीद चेतावनी भी जारी

जल संसाधन विभाग के उप-अभियंता अमन साहू ने आश्वासन दिया कि टीम गेट सुधार पर काम कर रही है और जल्द ही स्थिति को ठीक कर दिया जाएगा। किसान जुगरु साहू ने कहा कि /"कम से कम हमें यह भरोसा तो मिला है कि कोई हमारी पीड़ा सुन रहा है। विकास धर दीवान ने चेतावनी भी दी है कि अगर जल्द ही मरम्मत का काम नहीं हुआ, तो वह किसानों के साथ धरना और आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसानों की जमीन तक पानी पहुंचाना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है।

# दारगांव में मंडल कांग्रेस कमेटी गठन को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दारगांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें मंडल कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मंडल कांग्रेस कमेटी सीधे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व से जुड़ी रहेगी। समय-समय पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करेगी।

उन्होंने कहा कि कमेटी में जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो कांग्रेस की विचारधारा को आत्मसात कर लगातार जनता के बीच काम कर रहे हैं। छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर खड़ी रही है। आगे भी जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

बैठक में ललित विश्वकर्मा, रामेश्वर देवांगन, रवि परगनिहा, सूर्यप्रकाश शर्मा, ओनी महिलांग, उषा सोनवानी, टूमन साहू, भागवत साहू, जितेंद्र साहू, रामायण साहू, श्रवण यादव, राकेश साहू, धनराज बंजारे, टीकम साहू, दाऊराम यादव, गुना राम साहू, मोनल सिन्हा, जितेंद्र जोशी, कृपाराम रात्रे, द्वारका रात्रे, कृष्णा धीवर, माधव साहू, उदय साहू, रोहित साहू, अंजोर दास कोसले, सूरज रात्रे, पूनम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 20 महीनों में 160 से अधिक आवेदन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं

## शहर प्रवास पर पहुंचे भाजपा सांसद बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी, अपनी लंबित मांगों को लेकर लगातार दो सप्ताह से हड़ताल पर डटे हुए है। इस बीच स्थानीय बेमेतरा मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा सांसद विजय से आंदोलनकारी कर्मचारियों ने मुलाकात की इस दौरान सांसद बघेल उनकी मांगों को पूरी तरह सही बताया।

- सांसद ने मांगों को बताया जायज, मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से बात कर समाधान का दिया आश्वासन

एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया जा रहा है। जिसके कारण अब तक किसी भी मांग पर लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। जबकि मंत्री द्वारा बार-बार आश्वासन दिए गए थे। इस स्थिति से कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। नियमितीकरण, ग्रेड-पे सहित लंबित 27 प्रतिशत के फाइल को विभाग द्वारा दबा कर रखने का लगाए बड़ा आरोप। बेमेतरा धरना स्थल सहित प्रदेश के 33 जिलों में बैठे आंदोलनकारी कर्मचारियों ने साफ कहा है कि उनकी नियमितीकरण, ग्रेड-पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों पर अब तक शासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। दुर्ग सांसद एवं भाजपा घोषणा पत्र समिति 2023 के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि एनएचएम कर्मियों की मांगें पूरी तरह वाजिब हैं। ये मोदी की गारंटी और भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा भी है। त्यौहार के इस मौसम और मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सड़क पर आंदोलन करना उचित नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि सांसद बघेल ने कई बार स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिससे कर्मचारियों में भारी निराशा है। जिला अध्यक्ष पूरन दास एवं जिला प्रवक्ता बृजेश दुबे ने संयुक्त बयान में कहा कि पिछले 20 महीनों में हमने 160 से अधिक आवेदन, निवेदन और ज्ञापन सौंपे। लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण आज आंदोलन की स्थिति बनी है। शासन के अड़ियल रवैये के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है, जिसकी पूरी ▶▶| शेष पेज 09 पर

# गांव में बिक रही खुलेआम अवैध शराब, कोचियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

साजा थाना क्षेत्र के गांवों में खुलेआम अवैध मादक पदार्थ और शराब की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। जबकि पास ही शासकीय देशी और अंग्रेजी शराब की दुकान है, फिर भी अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। इससे स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

लोगों का आरोप है कि कानून का लचीलापन और कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। शराब तस्कर और बिचौलिये सरकारी दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब खरीदकर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। वे गांव के चौक-चौराहों और गलियों में 'घर पहुंच सेवा' भी दे रहे हैं। सुबह 4 से 6 बजे और दोपहर 3 से रात 9 बजे तक यह अवैध कारोबार बेखौफ चलता है। इस आसानी से उपलब्धता के कारण युवा वर्ग और स्कूली छात्र भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। शाम को गांवों के चौक-चौराहों पर शराब पीते हुए युवाओं का दिखना आम हो गया है, जिससे समाज में विकृति बढ़ रही है। क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं और परिजन इस बिगड़ती स्थिति से बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि अवैध शराब बेचने वाले स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग को खुली चुनौती दे रहे हैं। इस बात से यह सवाल खड़ा होता है कि क्या विभाग इन गतिविधियों से अनजान है या जानकर भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों का मानना है कि इन अवैध कार्यों को अंजाम देना कहीं न कहीं प्रशासन की मिलीभगत को दर्शाता है। महिलाओं ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि युवा पीढ़ी को नशे के इस मकड़जाल से बचाया जा सके।



### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक गंभीर

**बेमेतरा**। दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाइवे पर स्थित देवरबीजा के सरकारी अस्पताल के समीप एक सड़क हादसा हुआ। जिसमें अज्ञात वाहन ने सड़क से गुजर रहे परसबोड़ निवासी दिनेश वर्मा को चपेट में ले लिया। जिसके कारण हादसे में बुरी तरह घायल होने पर दिनेश वर्मा को तत्काल इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। वही मौके पर सड़क दुर्घटना की जांच में लगी पुलिस चौकी की टीम ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज केस की तफ्तीश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हादसा देवरबीजा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास हुआ, जहां पर दिनेश वर्मा बेमेतरा शहर से अपने गाँव की ओर लौट रहा था, तभी अचानक यह हादसा हुआ। हालांकि इस दुर्घटना में घायल दिनेश वर्मा की स्थिति काफी गम्भीर बताई जा रही है। जबकि हादसे का कारण अज्ञात वाहन चालक द्वारा तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक राह चलते मुसाफिर को टक्कर मारना बताया जा रहा है। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी देवरबीजा के एएसआई रेशमलाल भास्कर का कहना है कि मामले को गम्भीरता से लिया गया है एवं त्वरित उपचार हेतु घायल को रिफर किया गया है।




## विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया सम्मानित

# खेल अनुशासन, टीम भावना और धैर्य सिखाता है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर, बेमेतरा में 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान थीम पर आधारित इस महोत्सव में रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी और शतरंज जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

महोत्सव के अंतिम दिन, 31 अगस्त को 'मोर खेल-मोर गौरव' की थीम पर एक विशाल साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी भाग लिया। रैली को साजा और बेरला की एसडीएम दीप्ति वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली परशुराम चौक से शुरू होकर सिग्नल चौक,



गस्ती चौक और प्रताप चौक होते हुए बेसिक स्कूल ग्राउंड में समाप्त हुई। इस दौरान, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, युवाओं और सरकारी अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रैली में दूसरी कक्षा के एक छोटे बच्चे ईशांत साहू का आत्मविश्वास और उत्साह देखकर सभी लोग हैरान रह गए। उनकी भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

### युवाओं को मिली प्रेरणा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया, क्योंकि खेल अनुशासन, टीम भावना और धैर्य सिखाते हैं, जो जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से पुलिस की तरह फिटनेस को प्राथमिकता देने की अपील की। अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपयी ने भी युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी कर जिले का नाम रोशन करने का आग्रह किया। महोत्सव के अंत में, कलेक्टर ने सभी उपस्थित लोगों को फिट इंडिया मूवमेंट की शपथ दिलाई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप



### क्रांतिसेना चलाएगी सदस्यता अभियान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के मुरमुन्दा परिक्षेत्र की बैठक हुई। बैठक ग्राम गोढ़ी में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की बैठक में सदस्यता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 100 से ज्यादा लोगों ने सदस्यता भी ग्रहण की। चेलाराम साहू को महामंत्री बनाया गया। देवेंद्र साहू को जनपद का पदभार दिया गया। बैठक में संगठन के जिला पदधिकारी भी मौजूद थे। प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष महेश साहू, जिला सचिव सतीश वर्मा, महामंत्री कमलेश मारकंडे, परिक्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष सूरज साहू एवं सचिव हरीश, रूपनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### स्व. मुकेश की 49वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



**दुर्ग।** कायस्थ रत्न एवं पार्श्व गायक स्व. मुकेश चन्द्र माथुर की 49 वीं पुण्यतिथि पर कायस्थ सभा द्वारा संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम स्व मुकेश चन्द्र माथुर के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा के सचिव सुमित श्रीवास्तव ने संक्षिप्त जीवनी बताकर सभा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज के राजीव बक्शी, राज नारायण श्रीवास्तव, संतोष खरे, प्रशांत श्रीवास्तव जामुल भिलाई, संजय नंदूलाल श्रीवास्तव, प्रशांत बक्शी, अनूप खरे, दिवेश श्रीवास्तव, अक्षत श्रीवास्तव, महिला सदस्यों में शोभा श्रीवास्तव, कविता श्रीवास्तव, अल्का श्रीवास्तव, भावना वर्मा, अराधना खरे द्वारा गानों की प्रस्तुति दी गई। स्वराजंली पश्चात भगवान श्री चित्रगुप्त की साप्ताहिक पूजा आरती संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद स्वल्पाहार वितरण किया गया।

# आयुक्त ने ठेला हटवाया, कचरा उठवाया, नियम तोड़ने पर वसूला अर्थदंड

## मिनी माता चौक पर पेट्रोल पंप संचालक को दिए साफ-सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल शहर की सड़कों पर निकले और अधिकारियों व अमले के साथ कई प्रमुख स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। जहां-जहां लापरवाही और गंदगी दिखाई दी, वहां तुरंत कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कलेक्ट्रेट के पास लगे ठेले हटवाए गए। आयुक्त ने चाय और पान ठेला संचालकों को मौके पर बुलाकर खुद ही कचरा उठवाया और सफाई भी कराई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे से ठेला संचालक आसपास गंदगी फैलाते पाए गए तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इसके बाद आयुक्त दल-बल के साथ मिनी माता चौक पहुंचे। यहां पेट्रोल पंप के आसपास गंदगी फैली हुई थी। इसे देखकर वे नाराज़ हुए और मौके पर ही पंप संचालक को बुलाकर परिसर की तुरंत सफाई कराने का आदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान कचरा फैलाने वाले ठेला संचालकों से अर्थदंड वसूला गया। पुलगांव चौक और गंजपारा जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी कमिश्नर ने सफाईकर्मियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### अस्थायी निर्माण हटाने के निर्देश

आयुक्त ने कुछ स्थानों पर अस्थायी निर्माण देखकर नाराजगी जताई और तुरंत बेदखली के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमिश्नर अग्रवाल ने कहा कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग सड़क किनारे कचरा फेंकते हैं। उन्होंने अमले को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों पर तुरंत जुर्माना लगाया जाए और यदि ज़रूरत हो तो कड़ी कार्रवाई भी की जाए।



### सड़क पर न फेंकें कचरा

उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों और घरों से निकलने वाला कचरा सड़क पर न फेंकें, बल्कि निगम की निर्धारित व्यवस्था का पालन करें। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था तभी सुधरेगी जब प्रशासन और जनता दोनों मिलकर सहयोग करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,उपअभियंता हरिशंकर साहू, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, गौतम साहू, मनोहर शिंदे, सुरेश भारती,रामलाल भट्ट।

**स्वीकृति : शासन ने दी मंजूरी, स्कॉडा सिस्टम के अंतर्गत होगा ऑटोफिकेशन**

# साढ़े 6 करोड़ से लगेंगे तीन नए मोटर पंप गयानगर क्षेत्र में बनेगी पानी की नई टंकी

## पेयजल आपूर्ति के नाम पर पिछले 15 साल में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में पेयजल आपूर्ति बनाने के लिए अब निगम साढ़े 6 करोड़ रुपए और खर्च करेगा। इस राशि से इंटकवेल और फिल्टर प्लांट में तीन नए मोटर पंप लगाए जाएंगे। लंबे समय से इसकी डिमांड की जा रही थी। इसके अलावा वार्ड-4 गयानगर स्थित बघेरा रोड में पानी की नई टंकी का निर्माण किया जाएगा, जिससे करीब साढ़े 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। आदेश के मुताबिक बघेरा से गयानगर तक नई पाइपलाइन बिछेगी।

स्कॉडा सिस्टम के अंतर्गत ऑटोमेटिक प्रणाली और कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम लगेगा। वार्ड-50 बोरसी में पाइपलाइन को लेकर ऑटोमेशन सिस्टम लगाया जाएगा। इस पर करीब 18.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार करीब कुल 6.5053 करोड़ रुपए की लागत से ये काम होंगे। एक दिन पहले नगरीय प्रशासन के कार्यपालन अभियंता ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। बता दें शहर के 60 वार्डों में पेयजल आपूर्ति के नाम पर पिछले 15 साल में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है। इसके बाद भी शहर में पेयजल संकट के हालात है। आए दिन पाइपलाइन लीकेज, मोटर पंप में खराबी की शिकायतें सामने आ रही है। समस्या को लेकर पार्षदों द्वारा शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

### 1.99 करोड़ में बनेगा 20 मीटर ऊंचा ओवर हेड टैंक, मंजूरी

जानकारी के मुताबिक गयानगर में 1.99 करोड़ रुपए की लागत से 1500 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक तैयार किया जाएगा। 20 मीटर ऊंचे इस टैंक से आसपास के करीब साढ़े 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाए जाने की तैयारी है। इसके अलावा 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बघेरा से गयानगर तक नई डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जाएगी। 97.33 लाख रुपए की लागत से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वर्टिकल टर्बाइन मोटर पंप लगाया जाएगा। इसी प्रकार के दो मोटर पंप इंटकवेल में स्थापित किए जाएंगे। इसकी लागत करीब 1.94 करोड़ रुपए आंकी गई है। नए ओवर हेड टैंक में फ्लो मीटर, पाइपलाइन पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। 18.50 लाख रुपए की लागत से पुरानी बोरसी में पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा।



### 4 साल में मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत 26.30 करोड़ रुपए जारी

जानकारी के मुताबिक दुर्ग निगम को मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से लेकर 2023-24 तक 26.30 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। मेंटेनेंस, पेयजल सप्लाई और अन्य कार्यों के लिए यह राशि जारी की गई है। इसमें अब तक 18.87 करोड़ रुपए के कामों की स्वीकृति राज्य शासन से जारी की गई है। 7.42 करोड़ रुपए अब भी शेष हैं। बता दें कि पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े होने के बाद भी मेंटेनेंस अब तक नहीं हो पाया है। इधर योजना के तहत जारी राशि निगम खाते में है। बावजूद शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। इस वजह से शहर में कई वार्डों में पेयजल संकट के हालात बने हुए हैं।

### 300 करोड़ से ज्यादा खर्च के बाद भी पानी की बर्बादी

बता दें कि पिछले करीब 15 साल में निगम ने 300 करोड़ से ज्यादा की राशि शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए हैं। इसमें वृहद पेयजल योजना फेज-1 में 50 करोड़, फेज-2 में 100 करोड़, अमृत मिशन में 152 करोड़ रुपए की राशि खर्च की। वर्तमान में शहर विस्तार की वजह से अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने के नाम पर 20 करोड़ का और भी प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, बहरहाल इसे शासन से मंजूरी नहीं मिली है। इधर पानी को लेकर शहर में संकट बरकरार है।

### शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब राइजिंग पाइप में बड़े लीकेज

शहर के 60 वार्डों की करीब 3 लाख आबादी को अगले तीन महीने भीषण पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े हालत की वजह से बड़ी समस्या सामने आई है। मुख्य राइजिंग पाइपलाइन सहित अन्य जगहों पर बड़े लीकेज हैं। इसके अलावा शहर में 15 जगहों पर वॉल्व में खराबी आई है। मुख्य रूप से 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सप्लाई व्यवस्था में दिक्कत सामने आई है। 42 एमएलडी के नए फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन में भी लीकेज सामने आया है। इस वजह से पूरे शहर के पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर निगम ने वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर टैंकरों से सप्लाई की तैयारी की है। जानकारी के मुताबिक निगम ने लीकेज संधारण का काम भी शुरू कर दिया है। 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन का लीकेज मेंटेनेंस किया। इस वजह से शहर के बाजार क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। निगम अधिकारियों के मुताबिक शहर के बोरसी, पोटिया, बघेरा, उरला और पुलगांव क्षेत्र में बनी पानी टंकी से जुड़ी पाइपलाइन में ज्यादा लीकेज हैं। इसके अलावा इंटकवेल से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट राइजिंग पाइप लाइन में बड़े लीकेज हैं। बोरसी में 5 जगह, पोटिया में वार्ड-53 सहित 12 जगह, बघेरा में तीन जगह, उरला में तीन जगह पर लीकेज हैं। इस प्रकार मालवीय नगर, शंकर नगर नाला से लगे क्षेत्र में राइजिंग पाइप में लीकेज है। शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब हो गए हैं। इस वजह से लाखों गैलन पानी

# एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटी पोर्टल खोलने की रखी मांग



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। छात्र नेता चैतन्य बंछोर के नेतृत्व में मांगों पर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें 12 वीं कक्षा के द्वितीय परीक्षा परिणाम विगत दिनों जारी हुए हैं। उन छात्र-छात्राओं को रेगुलर प्रवेश प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय का प्रवेश फार्म पोर्टल खोलने, विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की तिथि में वृद्धि करने की मांग की गई। गजेंद्र यादव ने मांगों का त्वरित निराकरण किए जाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर तिरुपति चंद्राकर, मृदुल सिंह, पीयूष सिन्हा, विपुल साहू, गौरव निषाद, विकास, कुणाल, गुल्मेश, वैभव, मनीष वर्मा, खुशबू देवदास, सोम वर्मा, गौरव पराते, जय पराते एवं दीपक टांक उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को किया करियर के प्रति जागरूक

**दुर्ग।** उरला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार संबंधित आवश्यक बातें बताकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपसंचालक रोजगार वीके केड़िया मुख्य वक्ता थे। उन्होंने अनुशासन, रुचि, वातावरण व जीवनचर्या से संबंधित कई सरल-सहज उदाहरण बताकर विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अरुणा रेड्डी ने भी आगामी समय में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयवर्धन रहें। रोजगार कार्यालय से ईश्वर प्रसाद, दुलेश्वर साहू, हलधर नेताम भी उपस्थित रहें।



# याद किए गए मेजर ध्यानचंद, खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- शतरंज, कैरम व बैटमिंटन का आयोजन

सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शतरंज, कैरम एवं बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

खेलकूद कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. उमाकांती सिंह ने किया। क्रीड़ा अधिकारी अर्चना षड़गी ने खेल दिवस के मौके पर मेजर ध्यानचंद एवं प्रतिभायान खिलाड़यों को याद करते हुए खेल के प्रति हमारे युवा एवं विद्यार्थियों को जागरुकता का संदेश दिया। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एवं व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार के खेल जुड़ा होना चाहिए। इस अवसर पर अर्चना तिवारी, भावना दुबे, डॉ. सपना वैष्णव, हारून रशीद, जेएन मिश्रा, पूनम गौतम, आफरीन खानम, यास्मीन परवीन उपस्थित रहे।



### आयोजित प्रतियोगिता में इन्हें मिला पुरस्कार

आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों में शतरंज (पुरुष) पीयुष कुमार सिन्हा विजेता, पुनेश्वर वर्मा उपविजेता, शतरंज (महिला) पूर्वी मण्याची विजेता, लोकेश्वरी उपविजेता, बैडमिंटन (पुरुष) वोमेश कुमार विजेता, खुमेन्द्र उपविजेता, बैडमिंटन (महिला) खुशबू विजेता, मेघा कोठारी उपविजेता, कैरम समूह (महिला) शिखा एवं हनी विजेता, गीतांजलि एवं आस्था उपविजेता, कैरम एकल (महिला) मनीषा विजेता, दीपिका उपविजेता, कैरम एकल (पुरुष) वमनलाल विजेता, प्रदीप उपविजेता शामिल हैं।

# डॉ. भूपिका और डॉ. आशीष ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता पुरस्कार



**दुर्ग।** कामधेनु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमवीएससी के दो शोधार्थियों ने हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 66वें राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुरस्कार जीता। प्रत्येक विजेता को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं 25,000 रुपए नकद से सम्मानित किया गया। डॉ. भूपिका देवांगन ने एक्वा फीड निर्माण हेतु मछली प्रसंस्करण अपशिष्ट के उपयोग की व्यवहार्य तकनीक का मूल्यांकन विषय पर निबंध प्रस्तुत कर एक्वा सेक्टर में पुरस्कार हासिल किया।

डॉ. आशीष तिवारी ने पोस्ट-वीनिंग डायरिया में शामिल कारक और उसके निवारण के उपाय विषय पर अपने निबंध के लिए स्वाइन सेक्टर में पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी, केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राजमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, तेलंगाना राज्य के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य मंत्री वाकिति श्रीहरि, अधिष्ठाता मुंबई पशुचिकित्सा महाविद्यालय अजीत रानाडे तथा विजय डी. भंडारे मौजूद थे। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य ने शुभकामनाएं दी है।

# मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में दुर्ग जिला भाजपा प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- 31 अगस्त को होगा 125 वें एपिसोड का प्रसारण



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के विभिन्न जिला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में पहली बार दुर्ग जिला भाजपा ने प्रथम स्थान पर आने का इतिहास रचा है। जून माह में दुर्ग विधानसभा भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम के 123 वें एपिसोड का आयोजन सर्वाधिक स्थानों पर कर के पूरे प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जुलाई माह में 124 वें एपिसोड के आयोजन में दुर्ग शहर विधानसभा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा व पाटन विधानसभा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रचते हुए पूरे दुर्ग जिला को प्रदेश में प्रथम स्थान पर ला खड़ा किया। 31 अगस्त को 125 वें एपिसोड के आयोजन को अधिक से अधिक स्थानों पर सफल बनाने हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद कौशिक के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के मन की बात प्रभारियों की बैठक जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में एवं पाटन विधानसभा की बैठक पाटन रेस्ट हाउस मे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। ग्रामीण विधायक व जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने बैठक में अपनी बात रखी। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी मुकेश बेलचंदन, लिकेश्वर देशमुख, राजू जंघेल, अनुपम साहू, हेमन्त सिन्हा, कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, हर्षा चंद्राकर आदि मौजूद थे।

# महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी साहित्यिक संघ का गठन

**दुर्ग।** शासकीय वीवायटी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी साहित्यिक संघ का उद्घाटन प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता डॉ शाइनी मेंडोंस प्राचार्य सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मर्सी जॉर्ज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह संघ छात्रों का मंच है, उनकी आवाज़ है। उन्होंने छात्रों से अपनी प्रतिभा को खोजने, सृजनात्मकता व्यक्त करने तथा जिम्मेदार और विचारशील व्यक्तित्व के रूप में विकसित होने का आह्वान किया। इसके उपरांत संघ के पदाधिकारियों की घोषणा की गई तथा उन्हें शपथ दिलाई गई।



निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष सौम्या रेड्डी, उपाध्यक्ष लीना साहू, सचिव हरीश साहू, सह सचिव श्रुति सोनी साहित्यिक क्लब की संयोजक याचना डडसेना, सांस्कृतिक क्लब की संयोजक संजना सोनी, साहित्य संपादक सुगंधा सक्सेना शामिल हैं। डॉ अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्र शिक्षा प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं।

# बिजली उपभोक्ता एसो. ने हिंदी भवन के सामने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- बिजली हाफ योजना पुनः लागू करने की मांग

छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन द्वारा हिंदी भवन के सामने बिजली हाफ योजना पुनः लागू करने एवं बिजली के निजीकरण व प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ रैली प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को राज्यपाल, विद्युत मंत्री, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं सचिव ऊर्जा एवं प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।




सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के राज्य प्रभारी आत्माराम साहू ने कहा कि बिजली एक बुनियादी सेवा है जिसे जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। लेकिन सरकार बिजली को अतिआवश्यक सेवा से बदलकर पूंजीपतियों को सौंप रही है। छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली उत्पादन होता है।

फिर भी छत्तीसगढ़ में आम जनता को महंगी दरों पर बिजली खरीदना पड़ रहा है। बिजली कटौती जारी है। पिछले दो महीने पहले राज्य सरकार द्वारा बिजली प्रति यूनिट 10 से 30 पैसे की बढ़ोतरी की गई। जुलाई 2025 से आम जनता को मिलने वाली बिजली हाफ योजना भी बंद कर दी गई। सरकार कह रही है कि सिर्फ 100 यूनिट बिजली तक ही हाफ योजना चलेगी।

इससे राज्य के 20 लाख से अधिक उपभोक्ता को बिजली की दोहरी मार झेलना पड़ेगा। रैली प्रदर्शन में पदमा पाटिल, प्रवीण शर्मा, अनिता साहू, शुभम पांडे, सरस्वती साहू, मेनका निषाद, नरेश साहू, सुनीता, आकाश सोनी, ओम उपाध्याय, दीपा कौशल, पूजा सागर, दीक्षा कौशल, ललिता साहू, गोदावरी साहू, तीजन सिन्हा, लेखराम साहू, संगीता रात्रे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# एनईपी सिलेबस में ऐसे विषय शामिल जिससे स्टूडेंट्स संस्कृति को पहचान सकें

**दुर्ग।** पॉलीटेक्निक दुर्ग में नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं के लिए 03 सप्ताह का परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण अरोरा प्रमुख रूपप से मौजूद थे। कुलपति ने कहा कि प्रथम सेमेस्टर में एनईपी सिलेबस में ऐसे विषयों को शामिल किया गया है जिससे विद्यार्थी भारत की संस्कृति को जान सकें।



उन्होंने अंतर विषयी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य में एआई का समय रहेगा, जिसके फलस्वरूप हमें अपने आप को सक्षम करना है। इसमें एक पहल यह रहेगी की उद्योग जगत से लोगों को बुलाकर सेमीनार करवाया जाएं। इसमें तीन समस्याएं छात्रों के लिए छोड़ने के लिए कहा जाए। छात्र उन समस्याओं का समाधान खोजें। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य के लिए तीन रास्ते सुझाए, इसमें उच्च शिक्षा, रोजगार और खुद का व्यवसाय। इस अवसर पर प्रथम सेमेस्टर के प्रभारी डॉ. रचना सिंह नेपीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. राखी जंघेल, वर्षा वर्मा, डॉ. अर्चना साहू, टिकेश्वरी साहू, प्रदीप राजपूत, मनोज चंद्राकर, सीमा दिल्लीवार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### प्रयास में शक्तिकांत चयनित

**पटेवा।** ग्राम घुमर्रा निवासी शक्तिकांत खरे आ दिलीप खरे का चयन प्रयास विद्यालय दुर्ग की कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए हुआ है। पीएमश्री जालबांधा स्कूल की कक्षा दसवीं के छात्र शक्तिकांत खरे प्रारंभ से ही मेधावी है। प्रयास में चयन होने पर इष्ट मित्रों एवं परिजनों ने बधाई दिया है।

### ग्रामीणों ने सुना पीएम के मन की बात



**सड़क अतरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने मन की बात कार्यक्रम के तहत आम लोगों से रूबरू हुए। यह उनका 125 वां प्रसारण था। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, कृषि आदि की जानकारी लोगों से साझा किया। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना गया। ग्राम घिरघोली में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रोहित जंघेल, धनऊ राम जंघेल, जयकरण जंघेल सहित अन्य कार्यकताओ के साथ कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के पश्चात ग्रामीणों से चर्चा किया।

### महिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ ढेंगर गड़रिया समाज की प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता गोपाल धनगर, कोषाध्यक्ष नीलम विजय पाली की सहमति से धमधा-गंडई राज परिक्षेत्र के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नई समिति में त्रिवेणी दुबेले को संरक्षक, ममता पाल को प्रदेश महासचिव और रेखा धनकर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त रेखा पाल को सचिव, पूर्णिमा पाली और मनीषा धनकर को सलाहकार सदस्य बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पूनम पाली, दुलेश्वरी पाल शामिल हैं, जबकि धनेश्वरी धनकर अनुशासन समिति की सदस्य होंगी। धमधा-गंडई राज के जिलाध्यक्ष शंकर पाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी है।

### जैन समाज ने मनाया दशलक्षण पर्व



**छुईखदान।** दिगम्बर जैन समाज छुईखदान ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दशलक्षण पर्व मनाया। इस पावन अवसर पर समाज के अनेक श्रद्धालु और सामाजिक जन एकत्रित हुए और पर्व की गरिमा को बढ़ाया। समाज के वरिष्ठ सदस्य सुधीर जैन ने बताया कि जैन धर्म में दशलक्षण पर्व का काफी महत्व है। इस पर्व में आत्मशुद्धि, संयम और धर्म के दस लक्षणों को जीवन में उतारने का प्रयास किया जाता है। पर्व के दौरान पूजा-अर्चना, प्रवचन, भजन और स्वाध्याय का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सुधीर जैन, अशोक पंचरत्न, राजकुमार जैन, नीरज जैन, शैलेश जैन, छोटे, गोलू, नवनीत जैन, संजय जैन, अनिल जैन, अजय जैन, दीपक जैन, अनूप जैन, अमृत जैन, नवीन जैन, राजेश जैन, संदीप जैन, संजीव जैन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सेजेस के छात्र का फेंसिंग स्पर्धा के लिए चयन



**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह ख़ुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई के छात्र आकिल कुरैशी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कक्षा 9वीं के छात्र आकिल का चयन फेंसिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह कैडेट अंडर 17 बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आकिल ने राज्य स्तरीय ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह स्थान बनाया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 8 सितंबर से उत्तराखंड के हल्द्वानी में रखी गई है। इस सफलता का श्रेय आकिल के साथ व्यायाम शिक्षक प्रिंकेश कश्यप और फेंसिंग कोच अजय गोंड को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में अकील ने यह मुकाम हासिल किया।आकिल की इस उपलब्धि से गंडई नगर और विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्राचार्य पवन कुमार ददरया सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने छात्र को बधाई दी है।

### जिपं सदस्य शताक्षी ने की ग्रामीणों से मुलाकात



**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्रापं बिड़ौरी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह शामिल हुईं। जनपद सदस्य उमेश वर्मा, सरपंच आशीष राजपूत, मन्नू वर्मा, कृष्ण कुमार, बबला वर्मा, लीलाधर साहू, हरूप राजपूत, अनिल साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों और नवयुवा गणेश समिति के सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह ने ग्राम विकास की दिशा में और अधिक मेहनत करके बिड़ौरी को नई ऊंचाईयों तक ले जाने हर संभव प्रयास का वादा किया। ग्रामवासियों से सीधी मुलाकात दौरान उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों से गांव में सड़क, पानी, स्कूल संबंधित या अन्य किसी प्रकार की समस्या की जानकारी ली और कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सीधे संपर्क कर सकते है। इस दौरान ग्रामीणों अपनी विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा और समाधान को लेकर चर्चा की।

## पेज 7 के शेष

### 20 महीनों में 160 से अधिक ...

जिम्मेदारी शासन की है। यदि शासन उतनी ही तत्परता हमारी मांगों को पूरा करने में दिखाता, जितनी जल्दी वह नोटिस थमाने में दिखा रहा है, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। कर्मचारियों ने दोहराया कि वे संवाद के पक्षधर हैं और उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री शीघ्र हस्तक्षेप करेंगे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लिखित आदेश जल्द जारी नहीं हुए तो आंदोलन अनवरत जारी रहेगा और दमनकारी नोटिसों के खिलाफ आंदोलन को और उग्र करने की रणनीति अपनाई जाएगी। शासन द्वारा भेजे गए दंडात्मक नोटिसों पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्मचारियों ने कहा कि वे किसी भी दबाव में नहीं झुकेंगे और आज सभी जिलों में इन नोटिसों को सार्वजनिक रूप से जलाकर विरोध दर्ज करेंगे। इस बीच, पिछले दो सप्ताह से जारी इस हड़ताल के कारण जिला सहित पुरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है और आमजन मौसमी बीमारियों के दौर में इलाज के लिए भटकने को मजबूर है।

## आयोजन : दीदी के गोठ का जिले में हुआ प्रसारण

# सीएम ने दीदियों को प्रेरित किया, स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियां बनीं मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के तहत स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियों पर आधारित विशेष प्रसारण ''दीदी के गोठ'' का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम राजधानी रायपुर से प्रसारित हुआ। जिले के सभी जनपद एवं संकुल स्तरों पर एक साथ देखा और सुना गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्व-सहायता समूह की दीदियों को निरंतर आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में ग्रामीण विकास की असली ताकत महिलाओं में निहित बताते हुए दीदियों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अपने संदेश में समूहों को संगठित होकर कृषि एवं गैर-कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर आजीविका बढ़ाने की बात कही। **जिले में हुआ सामूहिक प्रसारण:** जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं संकुल स्तरीय कार्यालयों में ''दीदी के गोठ'' का सामूहिक प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायकगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, बिहान के अधिकारी-कर्मचारी, सक्रिय महिला कैडर एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

**लखपति दीदी बनने की प्रेरणा:** जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में बिहान से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएँ संगठित होकर कृषि कार्य एवं व्यवसायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। इससे न केवल उनकी आमदनी में वृद्धि होगी बल्कि वे 'लखपति दीदी' बनने की दिशा में भी अग्रसर होंगी।

### दीदियों ने साझा की सफलता की कहानियां

कार्यक्रम में शामिल दीदियों ने बिहान से जुड़कर अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों और सफलता की कहानियों को साझा किया। कुछ ने कृषि क्षेत्र में नवाचार के अनुभव बताए तो कुछ ने छोटे व्यवसाय एवं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणादायी कहानियाँ प्रस्तुत कीं। **महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल:** ''दीदी के गोठ'' न केवल प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम साबित हो रहा है, बल्कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और संगठन की शक्ति का अनुभव भी करा रहा है। जिले में इस प्रसारण को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

# सड़क सुरक्षा पर वाद विवाद प्रतियोगिता



**मोहला।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला में किया गया। इस आयोजन में प्रत्येक संकुल से एक टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा तथा यातायात संबंधी नियमों की गहन जानकारी के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला के विद्यार्थी प्रथम, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला के विद्यार्थी द्वितीय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलकन्हार के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रतियोगिता के नोडल दीपक राजपूत ने बताया कि विजेता बच्चों को 2500, 1500, 1000 का नगद पुरस्कार तथा शेष विद्यार्थियों को 1000 का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता आगामी समय में जिला स्तर पर होगी। वहां भी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान यातायात प्रभारी शेषनारायण देवांगन ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। प्रतियोगिता के संचालक बीईओ राजेंद्र कुमार देवांगन ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल शिशुपाल मलगाम, दुष्यंत भुआर्य, साक्षर भारत के जिला नोडल चैताली मैथ्यू, नूतन सिंह साहू, दीपक कुमार राजपूत, कौशल कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# दूध मोगरा गंडई ने शानदार प्रस्तुति से मोहा सबका मन



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत रंग परब उत्सव में गंडई के प्रतिष्ठित लोक कला समूह दूध मोगरा गंडई ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। गत 29 से 31 अगस्त तक रायपुर के मुक्ताकाशी मंच पर हुए इस आयोजन में समूह ने लोकप्रिय लोकनाट्य अक्कल बड़े के भइंस प्रस्तुत किया।

एक सुखद संयोग है कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है, वहीं दूध मोगरा गंडई भी अपनी स्थापना के 49 वर्ष पूर्ण कर चुका है। समूह के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी और दर्शकों को हँसाया। बताया गया कि अक्कल बड़े के भइंस एक पारिवारिक नाटक है जो छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और देवारी पर्व पर आधारित है। इस नाटक का अब तक 1200 से अधिक बार मंचन हो चुका है। छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, ओडिशा, झारखंड, उत्तरप्रदेश और दिल्ली में भी मंचन किया जा चुका है। समूह को लोककला के प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सम्मान मिल चुके हैं। दूध मोगरा गंडई की सबसे खास बात यह है कि इसमें पहली पीढ़ी से लेकर तीसरी और चौथी पीढ़ी के कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। गौतम जैन, द्वारिका यादव, जीवनलाल गंधर्व जैसे कलाकारों के साथ सरस्वती निषाद, सुखियारिन मानिकपुरी, पीसीलाल यादव, और युवा कलाकार छत्तीसगढ़ की लोक कला को देश भर में फैला रहे हैं।

समूह के सदस्य द्वारिका राम यादव ने बताया कि 15 अगस्त 2026 को दूध मोगरा गंडई अपनी रजत जयंती वर्ष धूमधाम से मनाएगा, जिसकी तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर एक वृहद स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी।

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वालों पर जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वनांचल में फर्जी नियुक्ति पत्र के माध्यम से जिला मुख्यालय मोहला में पदस्थ लोगों की जांच की मांग को लेकर अदिवासी समाज ने ज्ञापन सौंपा था।

गोड़ समाज के पूर्व संभाग अध्यक्ष जगतराम सलामे ने कहा कि इसके बाद भी दोषियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। यदि सरकार द्वारा दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संभाग स्तरीय गोड समाज मोहला एवं सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन रैली कर सरकार को अवगत किया जाएगा। नौ लोगों के पास नियुक्ति से संबधित कोई भी वैध कागजात नहीं है, जो पूरा फर्जी व गलत है। शासन के नियम-कानून की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य से स्थानीय बेरोजगार साथियों का हक का हनन करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। सरकार उनकी जांच त्वरित करें और जो पद रिक्त होगी, उसे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारी को आबंटित करें।

# ग्रामीण क्षेत्र के रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त लोगों ने किया डोनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला चिकित्सालय में रक्त के कमी से जूझ रहे मरीजों की रक्तपूर्ति हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में रक्तदान शिविर

का रक्तदान शिविर आयोजन में योगदान महत्वपूर्ण रहता है । 31 अगस्त को सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के मार्गदर्शन में जीवन एक, मुस्कान अनेक सेवा संस्था कुसमी जिला बेमेतरा के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य कुसमी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्लड बैंक जिला अस्पताल बेमेतरा के सहयोग से किया गया।

आयोजन का उद्देश्य जनमानस में रक्तदान के प्रति लोगों को जागृत व उत्साह पैदा करना है ताकि समय रहते जरुरतमंद को मदद मिल सकें और समय पर उनकी जीवन की रक्षा किया जा सके । रक्तदान शिविर के अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भारत कुमार सेन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी से डॉ. चिंता राम साहू ओमप्रकाश साहू गोवर्धन देवांगन , जिला चिकित्सालय बेमेतरा ब्लड बैंक से डॉ. प्रेमचंद पमनानी, परामर्शदाता,विनेश्वर जायसवाल एमएल टी विजय डोरे, धन्नू वर्मा, राकेश चंद्राकर, कृष्ण वर्मा, संस्था एवं ग्रामीण से गंगाराम साहू,विष्णु साहू, भूपेंद्र साहू, राकेश देवांगन, कुशल देवांगन ,राजू साहू,लक्ष्मण देवांगन, राजू देवांगन व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टॉप एवं संस्था के सभी सदस्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में कुसमी के अलावा बालसमंद , मुनरबोड़, कोबियां बेमेतरा कारेसरा सहित आसपास के लोग उपस्थित रह कर अपना सहयोग प्रदान किये। संस्था एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया।

**इन्होंने किया ब्लड डोनेट:** इस ग्रामीण क्षेत्र के रक्तदान शिविर में 14 यूनिट रक्त डोनेट हुआ। शिविर में गोवर्धन देवांगन,लक्ष्मण देवांगन,मोतीलाल देवांगन, शिवप्रसाद निषाद, राकेश देवांगन, सत्यशील जागृत, भोलाराम साहू,गौतम साहू, अरविंद साहू, कुशाल देवांगन ओमप्रकाश साहू, टिकेश्वर साहू हमसिंह वर्मा जयसिंह ग्रीतलहरे भारत कुमार सेन, युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान का पुनीत कार्य किया।

## स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को किया जागरूक

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को लेकर डाइट में वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को जागरूक करने जिला शिक्षा मिशन प्राधिकारण द्वारा डाइट मे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, डीईओ लालजी द्विवेदी, डाइट प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा, पार्षद मोनिका रजक, नंद चंद्राकर और रूपेंद्र रजक की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में उक्त थीम की महत्ता को प्रतिपादित करने जिला स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा भी हुई जिसमे खैरागढ़ छुईखदान ब्लाक के तीन तीन शालाओं के बच्चों ने भाग लेकर पक्ष विपक्ष पर विचार और मत साझा किया। यातायात सुरक्षा को लेकर जानकारी ली और दी। स्पर्धा में प्रथम बढ़ईटोला उमावि, द्वितीय पीएमश्री सेजेस गंडई और सेजेस खैरागढ़



तृतीय स्थान पर रहे जिन्हें अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड सहित नगद राशि दिया गया वही अन्य टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

स्पर्धा में निर्णायक जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, जिला कार्यक्रम अधिकारी मबाविवि पीआर खुटेल, सेनि शिक्षक विजय झा, व्याख्याता किरण सिंह, ईश्वर ठाकुर, सूरज देवांगन और यातायात प्रभारी शक्ति सिंह ने स्पर्धा मे विषय को लेकर पक्ष विपक्ष के वाद संवाद, विषय वस्तु, तर्क वितर्क और संपूर्ण प्रदर्शन को देखते हुए निर्णय लिया। इस दौरान समग्र शिक्षा नोडल आतमाराम साहू, एपीसी श्रीश पांडेय, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, बीईओ रमेंद्र डड़सेना, संकुल समंवयक गंगूराम टंडन, कमल देवांगन सहित जिला स्तर समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमल वर्मा व आभार प्रदर्शन नेहरूलाल वर्मा ने किया।

### यातायात का करें पालन

कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने बच्चों को यातायात नियमों का खुद पालन करने और परिवार के सदस्यों को पालन करने प्रेरित करने कहा साथ ही बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने से बचने की अपील की। डीईओ लालजी द्विवेदी ने कहा कि पहले स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में एक पाठ द रूल आफ द रोड हुआ करता था जिसमें यातायात के नियमों और संकेतकों को विस्तार से समझाया गया था। डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा ने बताया कि यातायात के सामान्य नियमों की जानकारी और हेलमेट के अभाव में रोज सत्तर से उपर आदमी अपनी जान गंवा रहे है इसलिए आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा को लेकर हम सब जागरूक हो। यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह ने वाद विवाद स्पधा में शामिल सभी बच्चों से सामूहिक चर्चा की और अठारह साल की उम्र पूरी करने तक वाहन चलाने से बचने कहा।

# अमित के परिवार से मिलीं रानी विभा सिंह



- किसी भी सहयोग के लिए दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

बीते जुलाई महिने में हुई मूसलाधार बारिश के चलते ईतवारी बाजार में आई बाढ़ के दौरान खुले नाले में बह गए युवक अमित यादव के परिवार से रानी विभा देवव्रत सिंह ने मुलाकात की। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की घड़ी में वो उनके साथ खड़ी है किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए परिवार निसंकोच मिल सकता है।

इस दौरान नपा उपाध्यक्ष व पार्षद अब्दुल रज्जाक खान, दाऊचौरा मंडल कांग्रेस अध्यक्ष राजा सोलंकी, मुकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे। गौरतलब है कि जुलाई महीने में आई बाढ़ से ईतवारी बाजार का पूरा इलाका जलमग्न हो गया था इस दौरान तुरकारी पारा के यादव परिवार का इकलौता बेटा शीतला मंदिर के पास पानी में अठखेलियॉ कर रहा था, लेकिन खुले नाले में बहने से उसकी मौत हो गई।

छै महीने पहले पति की मौत के बाद एकलौते बेटे की मौत से पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। विधायक यशोदा वर्मा, रानी विभा देवव्रत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी यादव परिवार के हर संभव सहयोग का वादा किया है।

## खबर संक्षेप

### 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** दरोगा/वार्ड प्रभारी, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक/सफाई दरोगा/वार्ड प्रभारी को पेट्रोल भत्ता, बांबे सफाई कामगार समिति के कर्मचारियों की लंबित 4 माह का वेतन भुगतान, बॉम्बे सफाई कामगार समिति के कर्मचारियों की लंबित वर्ष 2022 से पीएफ की राशि की भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रीमति राधाबाई/मुखलाल (कैंसर पीड़ित) को सेवानिवृत्त उपरांत दिए जाने वाली लंबित राशि का भुगतान, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की लंबित 14 माह की ईपीएफ राशि जमा कराए जाने एवं नियमित अधिकारी-कर्मचारियों की लंबित सीपीएफ राशि जमा कराए जाने की मांग शामिल है। इस दौरान पदाधिकारियों में संघ अध्यक्ष प्रवीण झा, महामंत्री सपन साहू, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शीला सोनवानी, सचिव राकेश ठाकुर, सह-सचिव कमलेश रामटेके, कोषाध्यक्ष नेतुराम सोनवानी, सह कोषाध्यक्ष गणेश सातर, मीडिया प्रभारी सुनील घडश्याम, सह-मीडिया प्रभारी विजेंद्र दास मानिकपुरी, सह- मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास, सह-व्यवस्थापक प्रभारी दसरू भारती, राजेश झा, सदस्य गजानंद वैष्णव एवं फग्गुबाई उपस्थित थे।

### अभाविप ने फिर से पोर्टल खोलने रखी मांग

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कॉलेजों में प्रवेश पोर्टल को फिर से खोलने की मांग की है। अभाविप के मुताबिक विश्वविद्यालय के वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पोर्टल पहले ही बंद कर दिया गया है। जिससे कई योग्य विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर छीन गया है। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष तकनीकी कारणों, जानकारी की कमी और व्यक्तिगत परिस्थितियों के कारण कई छात्र-छात्राएं समय पर पंजीकरण नहीं कर पाए थे। उनका कहना था कि पोर्टल का अचानक बंद होना विद्यार्थियों के भविष्य के लिए संकट उत्पन्न कर रहा है। शिक्षा का अधिकार हर छात्र का मौलिक अधिकार है और यदि पोर्टल पुनः शुरू नहीं किया गया, तो यह विद्यार्थियों के साथ गंभीर अन्याय होगा।

### मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पीबी टांक, सहायक प्राध्यापक डॉ. एसके पटेल, एलपी उर्वशा, अतिथि व्याख्याता डॉ. आरके देशमुख एवं नितेश बंजारे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य ने बताया कि किस प्रकार चंद्रयान-3 की सफलता पर इस दिवस की शुरूआत हुई थी एवं इस उपलब्धि का असली श्रेय हमारे भारतीय वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों एवं शोधार्थियों को दिया जाना चाहिए।

# आत्मानंद और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला रहा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंडों से चयनित टीमों ने भाग लिया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बेरला एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 7000 रुपये का पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान पर सेजेस सिंघौरी की टीम रही जिसे 5000 रुपये प्रदान किए गए, वहीं तृतीय स्थान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया (बेमेतरा) की टीम को मिला और उन्हें 3000 रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त जेवरा (बेमेतरा), कुसमी, कंडरका (बेरला), केहका एवं परसबोड (साजा) की पाँच टीमों को 2000-2000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में जिला यातायात प्रभारी डीएसपी राजेश कुमार झा, समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी, नगर पालिका पार्षद नीतू कोठारी, सेजेस बेरला एवं बेमेतरा की प्राचार्य अर्चना साव तथा सुदेशा चटर्जी शामिल रहीं।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रथम टीम को 7000 रुपए का मिला नकद पुरस्कार



### विद्यार्थियों के विचार प्रेरणादायी: डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विद्यार्थियों के विचार प्रेरणादायी हैं। डीएसपी राजेश झा ने अपने उद्बोधन में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर बल दिया और कहा कि "शराब पीकर, अधिक गति से, बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता।" उन्होंने विद्यार्थियों के अभिव्यक्ति कौशल को जीवन में सफलता का प्रमुख सूत्र बताया।

वार्ता

**बाढ़ और भूस्खलन से हुए जान-माल के नुकसान पर जताया गहरा शोक**

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में लोकल फॉर वोकल पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'लोकल फॉर वोकल' पर जोर देते हुए लोगों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की अपील की और कहा, गर्व से कहो कि ये स्वदेशी है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में देश के विभिन्न हिस्सों में आई प्राकृतिक आपदाओं, जैसे बाढ़ और भूस्खलन से हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, /"जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। उन्होंने इन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में लगे एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और स्थानीय प्रशासन की भी सराहना की।



बेमेतरा में भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने ग्राम बारगांव में कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि देश के 130 करोड़ लोग मोदी जी का परिवार हैं, और जब वे 'मन की बात' में अपने परिवार से जुड़ते हैं, तो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर बात करते हैं। इस अवसर पर सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, सतीश यादव, यशवंत यादव सहित कई अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सेतु पोर्टल का किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में एक नए पोर्टल 'प्रतिभा सेतु' का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर उन युवाओं का डेटाबेस है, जो यूपीएससी जैसी परीक्षाओं के सभी चरणों को पास कर चुके हैं, लेकिन अंतिम मेरिट लिस्ट में नहीं आ पाए। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल उन हजारों प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो सिविल, इंजीनियरिंग या मेडिकल सेवाओं में जाना चाहते थे।

## वुमेन फॉर ट्री कैम्पेन, मेजर ध्यानचंद जयंती पर ली गई फिट इंडिया शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़



पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को लेकर नगर पंचायत नवागढ़ के गार्डन में वुमेन फॉर ट्री कैम्पेन के अंतर्गत वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया।

साथ ही, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सभी उपस्थित नागरिकों ने फिट इंडिया शपथ ली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को शारीरिक फिटनेस, खेल-कूद और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में नवागढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष सिद्धांत चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओ. पी. ठाकुर, लेखपाल महितोष शर्मा, सफाई दरोगा प्रवीण बोयरे के अलावा नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारी मौजूद रहे। मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि आज का यह पौधारोपण अभियान और फिट इंडिया शपथ दोनों ही हमारे शहरवासियों में पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। नवागढ़ को हरा-भरा और स्वस्थ बनाने के लिए हम लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

### अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा: सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओ. पी. ठाकुर ने कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ समाज का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक भी इसके लिए सक्रिय रूप से भाग लें। इस अवसर पर सभी ने फिट इंडिया शपथ लेकर अपने स्वास्थ्य और खेलकूद के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। हम चाहते हैं कि युवा पीढ़ी भी इस संदेश को आगे बढ़ाए। कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों ने न सिर्फ पौधे लगाए बल्कि फिट इंडिया शपथ लेकर स्वस्थ जीवन और खेलकूद को अपनाने का संकल्प भी लिया। अधिकारियों ने कहा कि नवागढ़ में पर्यावरण और स्वच्छता से जुड़े अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 वें शहीदी पर्व पर तीर्थ यात्रा का आयोजन



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 में शहीदी पर्व के अवसर पर तख्त पटना साहिब गुरुद्वारा व राजगीर शीतल कुंड साहब बिहार के लिए तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा 7 सितंबर को बेमेतरा से रायपुर से शुरू होकर 12 सितंबर को रायपुर में ही समाप्त होगी।

इस तीर्थ यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज बेमेतरा जिला के अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा, यश सिंघ सलूजा और इंदर सिंह दत्ता, नगर प्रतिष्ठित समाज सेवक गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा कर रहे हैं। तीर्थ यात्रा को अरदास के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए विशेष आमंत्रित छत्तीसगढ़ सिख समाज बेमेतरा जिला के अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ समाज सेवक परविंदर सिंह भाटिया, बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा रायपुर के प्रधान हरकिशन सिंह राजपूत एवं छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा को आमंत्रण पत्र सौंपकर यात्रा को हरी

# निजी जानकारी और ओटीपी-पासवर्ड न करें साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



साजा पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापरी संघ के साथ बैठक की। जिसमें सभी को सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीव्ही कैमरे लगाने, दुकान के बाहर रोड की ओर कैमरा और लाइट लगाने।

इसके अलावा यदि कोई व्यक्ति दुकान में आता है, संदिग्ध लगे या घुम रहा हो तो उसकी भी सूचना थाना साजा एवं पुलिस कंटोल रूम बेमेतरा को देने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किये जाने के संबंध में व्यपारियों को पुलिस का सहयोग करने अपील की गई। व्यापारियों ने भी पुलिस का सहयोग करने की सहमति दी। इस दौरान थाना प्रभारी साजा निरीक्षक सत्य प्रकाश उपाध्याय ने साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी की जानकारी देते हुए बताया कि अपना आधार कार्ड सम्भाल कर रखे एवं आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति को न बताएं।

फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। उक्त बैठक में साजा के व्यापारी संघ अशोक राठी, विकास टावरी, विक्की, हीमेश, आशीष चांडक, सतीश सोनी, हरीश सोनी, हरीश देवांगन, मिथुन जैन, योगेश बागरेचा, कृष्ण कुमार राठी, निकेश जैन, किर्तेश साहू, जितेन्द्र जैन सहित अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के प्रति जागरुकता लाने के लिए निकाली सायकिल रैली



**बेरला।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बारगांव में आयोजित तीन दिवसीय खेल दिवस के अंतिम दिन सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली पीपरोलडीह से बारगांव खेल मैदान होते हुए मटिया,कोशपातर होते हुए ग्राम पंचायत बारगांव तक आयोजित की गई।

व्यायाम शिक्षिका व जिला हॉकी संघ के सचिव तुलसी साहू ने बताया की हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बारगांव में तीन दिवसीय खेल दिवस आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाना स्वास्थ्य और फिटनेस की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जिसमें आज अंतिम दिन सायकल रैली निकाली गई सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों एवं स्कूली बच्चों के बीच राष्ट्रीय खेल दिवस के इस वर्ष के नारे एक घंटा खेल मैदान में ,मोर खेल मोर गौरव,हर गली हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान"व खेलें भी खिले भी का प्रचार प्रसार करना व स्वास्थ के प्रति जागरुक करना था। खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मक सोच भी लाते हैं। खेलो का हमारे जीवन में एक अहम रोल है,खेल एक ऐसा अस्त्र हैं जिसको खेलने के पश्चात बड़ी से बड़ी चिंता दूर हो जाती है। खेल जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। मेजर ध्यानचंद का खेल जीवन सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। सायकल रैली में देवेन्द्र यादव,हर्षित साहू,तुषार यादव, चिंताराम पटेल, मिथलेश, ओंकार, विजय विश्वकर्मा, कुलदीप, धीरज, रवि, अश्वनी, प्रेमचंद, गजेन्द्र, मनीषा साहू, निधि, तन्नू, मानसी साहू,दिव्या,कावेरी साहू सहित खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# बीजा संकुल में सेवानिवृत्त व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शनिवार को संकुल स्तरीय सम्मान समारोह एवं सेवानिवृत शिक्षिका का सम्मान कार्यक्रम संकुल केंद्र बीजा में रखा गया। जिसमें संकुल केंद्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेंदुआ शिक्षिका चंपा देवी जंघेल एलबी शनिवार को सेवानिवृत हुई।

संकुल केंद्र व शासकीय प्राथमिक शाला बीजा से सहायक शिक्षिका सुमन लता वर्मा की युक्तिकरण के तहत बेरला विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला सिरसा में स्थानांतरण हुआ। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा के शिक्षक हरि पूरीगोस्वामी का युक्तिकरण के तहत नवागढ़ ब्लाक में स्थानांतरण हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा लिपिक राजेन्द्र देवांगन की पदोन्नति हुई एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालसमुंद में कार्यभार ग्रहण किया। प्राथमिक शाला बीजा मनीराम साहू का 2025-2026 के लिए साजा ब्लॉक से मुख्यमंत्री शिक्षा दूत पुरुस्कार हेतु चयन हुआ है। बीजा संकुल प्रभारी प्राचार्य मुरारी सिंह भुवाल व संकुल समन्वयक सुरेश साहू, बीजा स्कूल प्रधान पाठक चिंतामणि साहू, डोमरा राम साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तेंदुआ, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक महीदही कौशल प्रसाद साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा प्रधान पाठिका पुष्पा पटेल एवं आश्रित संकुल केंद्र बीजा के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक, शिक्षक व व्याख्यता इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला भैसामुड़ा शिक्षक, व्याख्यता मनोज कुमार बारले, दीनबंधु देवांगन,धर्मेंद्र वर्मा , झम्मन दास, आसमा सिद्दीकी, चंद्रिका मिर्झा, हेम ज्योति साहू, भोजेश्वरी राजपूत ,नोकराम साहू ,हेमन्त देवांगन मनोज कुमार धुर्वे, गजानंद वैष्णव,अशोक कुमार धुर्वे, दिलीप पटेल, चेतन राजपूत, बोधन राम आदिवासी व बसंती निर्मलकर आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सेवानिवृत शिक्षिका के द्वारा अपने शिक्षाकिय कार्य की जानकारी प्रदान की। साथ ही युक्तिकरण के तहत अन्यत्र शाला में गए शिक्षिका एवं शिक्षक द्वारा अपने शाला में किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में बीजा संकुल प्राचार्य मुरारी सिंह भुवाल ने अपने उध्बोधन में शिक्षकों द्वारा किये गए कार्यो की सरहाना व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामनाएं की। कार्यक्रम का मंच संचालन महेश्वर प्रसाद श्रीवास व समाप्ति दौरान आभार प्रकट प्रधान पाठक चिंतामणि साहू पूर्व माध्यमिक शाला बीजा द्वारा किया गया।



## स्वच्छ भारत मिशन एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर जोर

# सीईओ ने ली प्रधानमंत्री आवास योजना एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला पंचायत के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेमलता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एपीओ नरेगा, आवास समन्वयक, सहायक अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी (ग्राम.या.से.), पीओ नरेगा, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं सर्व आवास नोडल उपस्थित रहे। बैठक में 20 अक्टूबर तक के लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा की गई तथा सभी लक्षित आवासों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने प्रत्येक स्तर पर जियोटैग, किस्त गैप की समीक्षा कर समय पर एफटीओ जारी करने पर जोर दिया। चेकर सत्यापन को 100% पूर्ण करने तथा मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया गया। साथ ही मनरेगा मानव दिवस सृजन एवं मस्टर रोल समय पर जारी कर आवास निर्माण को गति देने पर बल दिया गया। वर्ष 2025-26 हेतु स्वीकृत लंबित आवासों को शीघ्र स्वीकृति देने एवं प्रत्येक आवास में अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्मित कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायत विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। चारों जनपदों के सीईओ, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के समस्त समन्वयक, बिहान योजना के कर्मचारी तथा ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और अप्रारंभ कार्यों पर नाराजगी जताते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण अब तक नहीं होने पर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के एसडीओ को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही निश्चित तौर पर की जाएगी। ग्राम पंचायतों को मॉडल गांव बनाने एवं स्वच्छता के सभी आयामों को पूर्ण करने हेतु स्व सहायता समूहों के माध्यम से कचरा इकट्ठा कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तक पहुंचाने के लिए कहा गया। सामुदायिक शौचालयों को सुचारू रूप से प्रारंभ कराने और मनरेगा के विभिन्न कार्यों की प्रगति बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

